Cerebral Palsy Alliance पर बच्चों के अधिकार

Cerebral Palsy Alliance (CPA) के साथ सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करते समय बच्चों के सभी अधिकार सुरक्षित और कायम रखे जाते हैं

CPA प्रत्येक बच्चे के विकास करने, बढ़ने, खेलने, तथा अपने समुदाय में सक्रिय रूप से भाग लेने के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अखंडता, जोश, उत्कृष्टता, हौसले और सम्मान की हमारी मान्यताओं को अपनी कार्यप्रणालियों में प्रतिदिन सम्मिलित करते हैं, तथा सांस्कृतिक या सामाजिक भेदभाव के बिना सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने के प्रत्येक बच्चे के अधिकारों को बनाए रखते हैं। हम ऐसी सेवाएँ प्रदान करने का प्रयास करते हैं जो आत्म-निर्धारण, व्यक्तिगत ज़रूरतों और विकल्पों का सम्मान करती हों।

संस्थापक सिद्धांत

CPA के कर्मचारी निम्नलिखित संस्थापक सिद्धांतों द्वारा प्रशासित हैं, और इन अधिकारों को बनाए रखने और इनका पक्ष-समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं:

- विकलाँगता ग्रस्त लोगों के अधिकारों पर यू.एन. सम्मेलन 2006 (UN Convention on the Rights of Persons with Disabilities 2006) जो विकलाँग लोगों के अधिकारों और गरिमा को सुरक्षित करता है।
- बाल अधिकारों पर यू.एन. सम्मेलन 1989 (UN Convention on the Rights of the Child 1989), जो यह पहचान करता है कि जाति, पृष्ठभूमि, आस्था या विकलाँगता पर ध्यान दिए बिना सभी बच्चों के पास स्वतंत्रता और सुरक्षा का अधिकार है।
- विकलाँगता भेदभाव अधिनियम 1992 (Disability Discrimination Act 1992), जो विकलाँगता भेदभाव को गैर-कानूनी बनाता है और विकलाँग लोगों के लिए समान अधिकारों, अवसर तथा पहुँच का प्रसार करने पर केन्द्रित है।
- बाल सुरक्षा मानक (The Child Safe Standards) संगठनों के लिए यह आवश्यक बनाते हैं कि वे ऐसी संस्कृतियों का निर्माण करें, ऐसी कार्यनीतियाँ अपनाएँ और ऐसे कदम उठाएँ जो बच्चों को नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए उनके हितों को सबसे आगे रखते हों।

बाल कल्याण

CPA की एक बाल कल्याण और सुरक्षा रूपरेखा है जो इसकी सभी नीतियों और कार्यप्रणालियों में अंतर्निहित है। हमारे कर्मचारी बच्चों के सर्वश्रेष्ठ हितों पर ध्यान देते हैं, और बाल संरक्षण चिंताओं पर प्रतिक्रिया करेंगे, तथा ज़रूरत पड़ने पर अन्य संस्थाओं के साथ सूचना साझी करेंगे।

CPA की भर्ती और ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि कर्मचारियों और स्वयंसेवियों में ऐसी प्रतिभाएँ हैं जो हमारी मान्यताओं के साथ संरेखित होती हैं और पुष्टिकरण जांच तथा कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं। हमारे यहाँ प्रणालियाँ, मान्यताएँ और एक ऐसी संस्कृति है जिसका निर्माण बच्चों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए किया गया है, तथा सभी कर्मचारी और स्वयंसेवी औद्योगिक अग्रणी पेशेवर विकास, प्रशिक्षण एवं निरंतर शिक्षण तक पहुँच प्राप्त करने में सक्षम हैं।

फीडबैक और शिकायतें

CPA आपकी फीडबैक की कदर करती है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि बच्चे और उनके परिवार दोनों को शिकायतें करने के लिए प्रोत्साहित और समर्थित किया जाता है, जिनका निपटान शीघ्रता और कुशलता से किया जाएगा।

Cerebral Palsy
ALLIANCE

1300 888 378 | ask@cerebralpalsy.org.au | cerebralpalsy.org.au

VERSION 1.0 | DECEMBER 2021